राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 नवम्बर । केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में बेकाबू होती महँगाई एवं दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के विरूद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर दिनांक 14 नवम्बर से 29 नवम्बर, 2021 के मध्य देशभर में जन जागरण अभियान सप्ताह चलाया जाएगा। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक 7 दिवसीय जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत् देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू जी की जयन्ती के अवसर पर कल राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रात: 08.00 बजे जयपुर के स्टेच्यू सर्किल से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तक पैदल मार्च आयोजित किया जाकर जन जागरण अभियान प्रारम्भ होगा। पैदल मार्च के पश्चात् प्रात: 10.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पं. जवाहर लाल नेहरू को पुष्प अर्पित कर सभी कांग्रेसजन श्रद्धांजलि देंगे। पैदल मार्च में माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, सांसद/प्रत्याशी, पूर्व सांसद, विधायक/प्रत्याशी, पूर्व विधायक, नगर निकाय एवं पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधिगण, अग्रिम संगठनों एवं प्रकोष्ठ/विभागों के पदाधिकारीगण तथा अन्य कांग्रेसजन भाग लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 7 दिवसीय जन जागरण अभियान के तहत् विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिनांक 14 नवम्बर को सभी जिला मुख्यालयों पर पैदल मार्च आयोजित होगा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस दिन अपने-अपने प्रभाव क्षेत्रों में रात्रि विश्राम कर जन जागरूकता करेंगे तथा दिनांक 15 नवम्बर को प्रभात फेरियों का आयोजन होगा। इस अभियान के तहत् जिला मुख्यालयों पर पैदल मार्च के पश्चात् ब्लॉक स्तर, पंचायत समितियों में, वार्डों में तथा बूथ स्तर तक क्षेत्रीय कार्यकर्ता पैदल मार्च एवं प्रभात फेरियाँ निकालकर जन जागरण का कार्य करेंगे।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू जी की जयन्ती के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर पं. नेहरू के त्यागमय जीवन, भारत की आजादी के आंदोलन में उनके योगदान एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान से अवगत करवाने हेतु पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान द्वारा ''**भारत की आजादी और नव निर्माण में नेहरू जी का योगदान**'' विषय पर एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

Created by Universal Document Converter